Regarding need to expedite the work related to Railways in Chhattisgarh

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): आजादी के बाद से छत्तीसगढ़ में रेल मंत्रालय को सर्वाधिक राशि रूपये 6000 करोड़ से अधिक माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा स्वीकृत की गई है, जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ । वर्तमान में देश में वंदे भारत जैसी ट्रेन का संचालन एवं निर्माण किया जा रहा है, जो कि अत्यंत ही प्रशंसनीय है । छत्तीसगढ़ राज्य में भी वंदे भारत संचालित है । इस तरह माननीय प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री के दूरदृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र में ट्रेन सुविधाओं का विस्तार हो चुका है, जिससे निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को रेल यात्रा में और भी अधिक सुविधा प्राप्त होगी । माननीय रेल मंत्री जी इन सुविधाओं के विस्तार एवं अधोसंरचना निर्माण की वजह से यात्री ट्रेनें विलंब से चल रही हैं या रद्द हो रही हैं । जिस वजह से राज्य की जनता में रेल मंत्रालय के प्रति नाराजगी स्वभाविक है । मेरा अनुरोध है कि अधोसरंचना के इस कार्य को शीघ्रताशीघ्र पूरे किये जाने के आदेश रेल जोन को जारी करेंगे, जिससे कि ट्रेनों को कम से कम रद्द किया जा सके एवं चलाया जा सके । यात्रियों की असुविधाओं में कमी की जा सके ।